सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-475
04/10/2017

वीर जवान ब्रज किशोर यादव के शहीद होने पर मुख्यमंत्री मर्माहत, शहीद जवान के आश्रित को राज्य सरकार की ओर से दिया जायेगा 11 लाख रूपये, पुलिस सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

पटना, 04 अक्टूबर 2017 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बांजीपूरा, कश्मीर में एयरपोर्ट पर तैनात बी0एस0एफ0 के जवान, बिहार के पीरपैंती प्रखण्ड के कमलचक ग्राम के निवासी ए0एस0आई0 ब्रज किशोर यादव की शहादत पर गहरी संवेदना व्यक्त की है और कहा है कि उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने इस वीर सपूत की शहादत पर उनके परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा है कि पूरा बिहार शहीद के परिवार के साथ है।

मुख्यमंत्री ने शहीद जवान के निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से 11 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान दिये जाने की घोषणा की, साथ ही शहीद ब्रज किशोर यादव का अंतिम संस्कार राज्य सरकार की ओर से पुलिस सम्मान के साथ किया जायेगा।

******